जागरण

नकली सीमेंट लदा ट्रक पकड़ा, चालक फरार

Publish Date:Wed, 12 Jun 2019 06:40 PM (IST)

जागरण संवाददाता, मुंगराबादशाहपुर (जौनपुर): पंवारा बाजार में मंगलवार की रात नकली सीमेंट लदा ट्रक पकड़ा गया। सीमेंट एक दुकान में उतारा जा रहा था। मौका पाकर चालक फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे जीएसटी विभाग ने वाहन को सीज कर दिया। यह कार्रवाई जेपी सीमेंट कंपनी के सेल्स आफिसर की सूचना पर की गई। दुकानदार के खिलाफ तहरीर दी गई है।

पंवारा बाजार स्थित श्याम बिल्डिग मैटेरियल पर रात को सीमेंट उतारा जा रहा था। उसी समय जेपी कंपनी के सेल्स ऑफिसर दीप गुप्ता तथा बिक्री कर विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर अमित सिंह पहुंच गए। सेल्स आफिसर ने वाहन चालक से पूछताछ करना शुरू किया तो दुकानदार दबंगई पर उतर आया। दोनों में नोकझोंक होने लगी उसी समय पुलिस पहुंच गई। इस दौरान मौका पाकर ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने सीमेंट सहित ट्रक कब्जे में ले लिया।

सेल्स आफिसर का दावा है कि ट्रक पर 250 बोरी नकली सीमेंट लदा था जिसमें 215 बोरी दुकानदार ने उतरवा लिया है। ट्रक पर मात्र 35 बोरी सीमेंट बचा है जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। कंपनी के सेल्स ऑफिसर ने दुकानदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने हेतु पुलिस को तहरीर दिया है। उधर संतोषजनक कागजात न दिखा पाने की दशा में असिस्टेंट कमिश्नर अमित सिंह ने पुलिस को वाहन सीज करने का आदेश दिया है।इस संदर्भ में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष हरि प्रकाश यादव ने बताया कि तहरीर मिली है। इसी आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/jaunpur-fake-cement-loaded-truck-caught-driver-absconding-19306315.html